ठाणे जिला जलमय, नदियाँ खतरे के निशान से ऊपर

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 42 ■ अंक : 122 ■ शुक्रवार, 26 जुलाई 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

नदी किनारे के गांवों को सतर्क रहने की चेतावनी

जिले में नदियों का स्तर (मीटर में)

नदी	खतरा	चेतावनी	वर्तमान स्थिति
उल्हास (बदलापुर)	17.50	16.50	18.00
उल्हास (जाम्भुलपाड़ा)	14.00	13.00	16,20
उल्हास (मोहने)	10.00	9.00	10.83
कालू (टिटवाला)	103.50	102.00	103.00

उल्हासनगर. गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी बारिश का जोर कायम रहा. इसके चलते ठाणे जिले जिले में नदियां चेतावनी और खतरे के स्तर को पार कर गई हैं। उल्हास, कालू नदियों ने रौद्र रूप धारण कर लिया है. इससे तट पर बसे गांवों और शहरों पर भारी बाढ़ की चपेट में आने का खतरा पैदा हो गया है. ठाणे शहर के साथ-साथ कल्याण, डोंबिवली, भिवंडी, अंबरनाथ, बदलापुर शहर जलमग्न हो गए. शाहपुर, मुरबाड तालुकों के कई गांवों का संपर्क टूट गया। यहां की सड़कें और पुल पानी में डूब गए. प्रशासन अलर्ट पर है क्योंकि बारिश हमें 26 जुलाई 2005 की जलप्रलय की याद दिला रही है।

बारिश बढ़ने के कारण जिले के महत्वपूर्ण पुल और सड़कें भी पानी में डूब गयी हैं. बाढ़ के पानी के कारण कल्याण तालुका में रूंडे और रायता पुल को बंद कर दिया गया। कल्याण-मुरबाड मार्ग बंद हो गया है, जबकि कीचड़ भरे पुल के डूबने के कारण मुरबाड-शाहपुर मार्ग भी बंद हो गया है. घोरला पुल भी पानी में डूब जाने से घोरले गांव का संपर्क टूट गया है।

इन गांवों में मंडरा रहा बाढ़ का खतरा

चूंकि उल्हास नदी खतरे के स्तर को पार कर गई है, इसलिए किनारे पर स्थित अंबरनाथ, बदलापुर, उल्हासनगर, कल्याण तालुकों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। इसलिए, प्रशासन ने कल्याण, अंबरनाथ, उल्हासनगर, भिवंडी तालुका में प्रभावित गांवों की सूची दी है।

- कल्याण तालुका- मोहने, वाराप, वलधुनी, कल्याण, अणे, भिसोल, रायते, आप्टि, दहागांव, मंजरली गांव प्रभावित होने की संभावना है।
- अंबरनाथ तालुका- अंबरनाथ, बदलापुर, एरंजद, कुदसावरे, कन्होर, कासगांव।
- उल्हासनगर तालुका- शहाद, उल्हासनगर, म्हारल
- भिवंडी- दिवे आगर, अंजूर, रांजनोली।

मकानों को नुकसान

लगातार हो रही बारिश के कारण जिले के प्रमुख शहरों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों के रिहायशी इलाके भी प्रभावित हुए हैं और बताया जा रहा है कि कई जगहों पर मकानों को नुकसान पहुंचा है. प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, भिवंडी तालुका में एक पक्का मकान और दो कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं. शाहपुर तालुका में भी तीन घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की समीक्षा

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे जिले में बाढ़ के खतरे के कारण आपातकालीन उपाय करने के लिए जिला कलेक्टर अशोक शिंगारे के साथ वीडियो संचार के माध्यम से स्थिति की समीक्षा की। इस अवसर पर पालक मंत्री शंभुराज देसाई टेलीविजन के माध्यम से उपस्थित थे, जबकि अतिरिक्त कलेक्टर मनीषा जाइभाये-धुले, रेजिडेंट डिप्टी कलेक्टर सुदाम परदेशी, भिवंडी जिला मजिस्ट्रेट अमित सनप, तहसीलदार अभिजीत खोले, संजय भोसले व्यक्तिगत रूप से उपस्थित थे।

बारवी डैम हुआ लबालब

- कभी भी हो सकता है ओवरफ्लो
- डैम कैचमेंट एरिया में रहनेवाले लोगों को सतर्क रहने की अपील

⏭ यूसुफ शेख

अंबरनाथ. बारवी डैम परिसर, कैचमेंट एरिया में गत दो दिनों से जोरदार बारिश हो रही है. गुरुवार शाम 5 बजे तक डैम का जलस्तर 68.15 मीटर तक पहुंच चुका है और डैम के ओवरफ्लो होने का लेवल 72.60 मीटर है. गत वर्ष के मुकाबले में आज के दिन डैम में दो मीटर कम है. ऐसी जानकारी हमें बारवी डैम एमआईडीसी के इंजीनियर ने दी है.

कैचमेंट एरिया में बरसात जोरदार होने के कारण डैम में पानी का स्तर तेजी से बढ़ा है. गत वर्ष बारवी डैम 1 अगस्त को ओवर फ्लो हो गया था. इसी तरह बारिश होती रही तो इसमें कोई शंका नहीं है कि इस वर्ष भी डैम जल्द ही ओवरफ्लो हो जाएगा. ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है.

एमआईडीसी बारवी डैम विभाग के कार्यकारी अभियंता दुशांत बी. उईके ने गुरुवार शाम में अंबरनाथ, कल्याण, उल्हासनगर, मुरबाड के तहसीलदारों को एक पत्रक जारी करके बताया है कि बारवी डैम में पानी तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें कारण बारवी डैम का पानी जल्द ही ओवरफ्लो हो जाएगा और डैम के स्वचालित दरवाजे खुलने की उम्मीद है. परिणामस्वरूप बारवी डैम से पानी बारवी नदी में विसर्ग होगा. इसलिए बारवी नदी किनारे के गांव असनोली, चांदप, चांदपपाड़ा, पिंपलोली, सागांव, पाटिल पाड़ा, चोन, राहटोली एवं नदी किनारे के शहर व शहर के सरकारी यंत्रणा, सरपंच, तलाठी, ग्रामसेवक, पुलिस पाटिल ने लोगों को खबर करके सतर्कता की सूचना देने के लिए विनती की गई है. जिलाधिकारी ठाणे को एवं पुलिस विभाग को भी ये पत्रक भेजा गया है. नागरिकों एवं पर्यटकों को भी इशारा दिया गया है कि बहते पानी में नहाने, मौज मजा करने ना जाएं.

68.15 मी.
पहुंचा डैम का जलस्तर

72.60 मी.
पर होता है ओवरफ्लो

विदित हो कि इस डैम से अंबरनाथ, बदलापुर, उल्हासनगर, कल्याण, डोंबिवली, नवी मुंबई, मीरा भायंदर, ठाणे महानगरपालिका एवं एमआईडीसी क्षेत्र की कंपनियों को जलापूर्ति की जाती है. पहले इस डैम की ऊंचाई 68.60 मीटर थी, जो बढ़कार 76.22 मीटर कर दी गई है. लेकिन डैम 72.60 मीटर तक भर जाता है, तो पानी ओवरफ्लो होने लगता है. डैम में 340 एमसीएम पानी एकत्रित होता है. बारवी डैम ठाणे जिले के लाखों लोगों को पानी देता है. डैम की तेजी से भरने की खबर ने सबको राहत दी है. डैम परिसर में अभी तक 1567.00 मि.मी. बरसात हुई है. शाम 5 बजे तक डैम में पानी 68.15 मीटर तक है.

उल्हासनगर के कई इलाके जलमग्न

उल्हासनगर। उल्हासनगर शहर में भी दो दिनों से पड़ रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। उल्हासनगर 1 शहाड ब्रिज परिसर में पानी घुटनों तक देखा गया वहीं इसी रास्ते के म्हारल, वरप व कांबा की सड़कों भी यातायात के लिए बंद हो गई थी। इस क्षेत्र के गांव के अंदर भी घुटनों तक पानी देखा गया। मूसलाधार बारिश में वालधुनी नदी व उल्हास नदी परिसर के लोगों के घरों में पानी घुसने की खबर मिली है। करौतिया नगर, बुद्ध नगर और राजीव नगर में कमर तक पानी देख गया। मनपा कर्मचारियों ने यहां के लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। कोई अप्रिय घटना नहीं घटी है लेकिन पुलिस व प्रशासन ने लोगों को सतर्कता भरतने की अपील की है।

वहीं मोहिली जल उपचार संयंत्र में उल्हास नदी का पानी घुसने के कारण मोहिली जल उपचार संयंत्र को बंद कर दिया गया है।

सड़कें हुईं बंद, कई शहरों का संपर्क टूटा

कल्याण. ठाणे जिले में भारी बारिश के कारण उल्हास और कालू नदियां उफान पर हैं. इसके चलते इन नदियों के किनारे बसे गांवों के नागरिकों को वहां से हटा लिया गया है और पुलों और सड़कों पर बाढ़ का पानी आ जाने के कारण पानी ठाणे से भीरा स्थित पाली पुल से होकर गुजर गया है और यह रास्ता बंद हो गया है. भिवंडी-शिरोली, कल्याण-अहमदनगर, कल्याण-भीमाशंकर मार्ग पर कोशोर पुल से भी पानी गुजर गया है. यहां पानी बहने के कारण विठ्ठलवाड़ी-मुरबाड वाया बदलापुर, विठ्ठलवाड़ी वाया बदलापुर, मुरबाड-बदलापुर, मुरबाड-कल्याण, मुरबाड-शेई, मुरबाड-कलांबे, मुरबाड-गोरखपाड़ा मार्ग, चिखली,

शिवढोली, म्हासा पुल पूरी तरह से बंद हो गए, जबकि वाडा - जिला प्रशासन ने बताया कि जावर मार्ग भी बंद कर दिया गया है.

107 परिवारों का हुआ पलायन

बाढ़ का खतरा बढ़ता देख एहतियात के तौर पर कल्याण और अंबरनाथ से 107 परिवारों को खाली करा लिया गया है। कल्याण में 40 परिवारों के 156 लोगों ने अपने रिश्तेदारों के घरों में शरण ली है, जबकि अंबरनाथ में 67 परिवारों के 200 लोगों को अस्थायी रूप से बीएसयूओ भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस बीच कल्याण-मुरबाड रोड बंद होने के कारण प्रशासन ने यहां के 96 परिवारों को गांव में पलायन करने का निर्देश दिया है. बारिश की बढ़ती तीव्रता के कारण, सत्कर्मा आश्रम के बच्चों और कर्मचारियों सहित लगभग 30 लोगों को प्रगति अंध विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया है, जबकि सहवास वृद्धाश्रम के 18 वरिष्ठ नागरिकों को माहेर वृद्धाश्रम की पहली मंजिल पर स्थानांतरित कर दिया गया है।

वर्षा के आँकड़े

तालुका	वर्षा (मिमी)
ठाणे	144.6
कल्याण	128.5
मुरबाड	212.8
भिवंडी	112.7
शाहपुर	115.5
उल्हासनगर	115.8
अम्बरनाथ	119.0

बाढ़ में डूबा बदलापुर

- एनडीआरएफ की 31 सदस्यीय टीम बदलापुर रवाना

बदलापुरः बदलापुर से होकर बहने वाली उल्हासनदी में बाढ़ आ गई है. इससे बदलापुर शहर और ग्रामीण इलाकों का संपर्क टूट गया है. एहतियात के तौर पर एनडीआरएफ की 31 सदस्यीय टीम भी ठाणे से बदलापुर के लिए रवाना हो गई है.

उल्हास नदी का खतरे का स्तर 17.50 मीटर है और मौजूदा स्तर 18.20 मीटर हो गया है. इसके चलते उल्हास नदी के किनारे की चौपाटी पूरी तरह पानी में डूब गई है और नदी के किनारे का पेट्रोल पंप भी पानी में डूब गया है. एहतियात के तौर पर प्रशासन ने बदलापुर शहर से बदलापुर गांव और ग्रामीण इलाकों तक सभी यातायात बंद कर दिया है. इस बीच, निचले इलाकों के निवासियों को अस्थायी रूप से सोनीवली में बीएसयूपी परियोजना में स्थानांतरित कर दिया गया है।

शिव मंदिर के गर्भगृह में भरा पानी

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

अंबरनाथ. अंबरनाथ के प्राचीन शिव मंदिर के गर्भगृह में पानी जमा हो गया है. मंदिर के किनारे बहने वाली वालधुनी नदी में बाढ़ आने के कारण गभारा में घुटनों तक पानी है और इसी के चलते भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक हो गया है.

प्राचीन शिव मंदिर में पानी घुसने के कारण मंदिर को भक्तों के लिए बंद कर दिया गया है और भगवान भोलेनाथ का मुखौटा गर्भगृह से बाहर रख दिया गया है. भक्त फिलहाल इसी के दर्शन और पूजा कर रहे हैं. पुजारियों ने कहा है कि पानी कम होने तक किसी को भी मंदिर में प्रवेश की इजाजत नहीं दी जाएगी. हर साल भारी बारिश के बाद वालधुनी नदी का प्रवाह बढ़ जाता है, जिससे पानी प्राचीन शिव मंदिर के गर्भगृह में जमा हो जाता है और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाता है।

अंबरनाथ-बदलापुर में 26 जुलाई की यादें ताजा

- बारिश से नदी-नाले ऊफान पर, सड़कों पर पानी ही पानी

⏭ उल्हास विकास संवाददाता



अंबरनाथ. अंबरनाथ-बदलापुर में गत दो दिनों से हो रही लगातार जोरदार बारिश के कारण नदी नाले ऊफान पर हैं और सड़कों पर पानी भर गया है. जोरदार बारिश ने 26 जुलाई 2005 की यादें ताजा कर दी हैं. वालधुनी नदी का पानी शिवमंदिर को जाने वाले पुल पर से बहने के कारण पुल के रास्ते को बंद कर दिया गया था. उल्हास नदी का पानी खतरे के निशान को पार करने से सरकारी यंत्रणा पुलिस फायर ब्रिगेड को सतर्क कर दिया गया है. मदद के लिए एनडीआरएफ की टीम को भेजा गया है. पुल के दोनों तरफ पुलिस का बंदोबस्त बढ़ा दिया गया है. लोगों से कहा गया है कि जरूरी काम हो तो ही घर से बाहर निकलें. लोकल ट्रेनें भी लेट चल रही हैं. उल्हास नदी के भर कर बहने से महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के जलशुद्धीकरण केंद्र में पानी भर सकता है. इसलिए मजीप्रा ने एक पत्रक जारी कर कहा है कि जलशुद्धीकरण केंद्र कभी भी बंद किया जा सकता है. जिसके कारण अंबरनाथ शहर के कुछ भाग का पानी बंद किया जा सकता है. मजीप्रा जल व्यवस्थापन विभाग अंबरनाथ ने शहरवासियों से कहा है कि वह पानी को भरकर रखें. शहर पूर्व में बी-केबिन परिसर और नवरे नगर से ग्रीन सिटी को जाने वाले रास्ते पर एक फुट पानी भर गया. कई स्कूटर इस पानी में डूबने से बंद हो गई. वाहन चालकों एवं पादचारियों को परेशानी हो रही है. यहां बार-बार पानी भरता है. नपा प्रशासन को पानी निकालने का प्रबंध करना चाहिए लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है. शाम को बारिश का जोर थम गया, लेकिन 26 जुलाई को भी जोरदार बारिश की संभावना जताई गई है.

कल्याण-नगर हाइवे बंद

उल्हासनगर. भारी बारिश के कारण उल्हास, कालू नदियों में बाढ़ आ गई है. इन नदियों का पानी इलाके की गांवों की सीमा में प्रवेश करने के कारण कल्याण-मुरबाड मार्ग पर कई गांवों की सीमाओं में पानी भर गया है. कल्याण से अहमदनगर तक इस सड़क पर यातायात पूरी तरह से बंद कर दिया गया है. शहर से सब्जी और दूध लेकर आने वाले मालवाहक वाहन जहां-तहां फंसे हुए हैं। मुरबाड रोड पर किशोर गांव इलाके में बाढ़ का पानी घुस गया है. टोकावडे गांव के पास हेडावली पुल पानी में डूब जाने से गांव का क्षेत्र अन्य गांवों से कट गया है. मुरबाडी नदी दो दिशाओं में बह रही है। प्रशासन ने इस नदी के किनारे के गांवों को अलर्ट कर दिया है. उल्हासनगर के पास म्हारल, कांबा इलाके में बाढ़ का पानी आने से इस इलाके की मुरबाड सड़क पर पानी भर गया है. वाहन चालक बाढ़ के पानी से निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं. मुरबाड-कल्याण रोड पर एस. टी. की बसें जगह-जगह फंसी हुई हैं।

कल्याण-डोंबिवली में आफत की बारिश

- निचले इलाकों में जलभराव
- वालधुनी में बाढ़ जैसा मंज़र

कल्याण. बीते दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण कल्याण-डोंबिवली का जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। बुधवार की मध्य रात्रि से बारिश ने ज़ोर पकड़ लिया, जिसके चलते गुरुवार को शहर के निचले इलाकों में जलभराव देखा गया।

कल्याण पश्चिम के स्टेशन रोड़, तहसील कार्यालय, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर पानी भर जाने से नागरिकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। भारी बरसात के कारण वालधुनी नदी का पानी नदी किनारे बसी अशोकनगर बस्ती में घुसने से यहां बाढ़ जैसा मंज़र दिखाई दिया। बस्ती के मकानों में पानी जमा होने से लोगों का काफी नुकसान हुआ। जबकि उल्हास नदी भी पूरे उफान पर है। नदी का पानी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा था। ऐसे में नदी किनारे रहने वाले गांवों को प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया और उन्हें सतर्क रहने की अपील की। वहीं उल्हास नदी ओवरफ्लो होने से नदी का पानी महापालिका के मोहिली पंपिंग स्टेशन में भर जाने से कल्याण-डोंबिवली के कुछ हिस्सों में पानी की सप्लाई प्रभावित हो गई। तेज बरसात की वजह कल्याण खाड़ी भी अपने उफान पर है जिसके चलते खाड़ी के तट पर बसे रेतीबंदर और गोविंदवाड़ी परिसर में जलजमाव का खतरा बना हुआ है। शहाड़ पूल के पास मुख्य सड़क भी जलमग्न हो गई। मौसम विभाग ने ठाणे जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। अगर आने वाले 24 घंटे में बारिश की रफ्तार धीमी नहीं हुई तो हालात और बिगड़ने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

बारावी बांध के बैक वाटर में दो लोग बहे

बदलापुर. मुरबाड तालुका के टाकीची वाडी में दो लोगों के बहने की घटना गुरुवार दोपहर 3 बजे से 3.30 बजे के बीच हुई. इस घटना की जानकारी मिलने के बाद राजस्व विभाग, पुलिस, आपदा प्रबंधन तंत्र और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया. पिछले कुछ दिनों से बारिश ने ठाणे जिले के बांध क्षेत्र में भारी उपस्थिति दर्ज कराई है. इसी तरह पिछले दो दिनों से बारिश बढ़ने से बांधों का जलस्तर बढ़ गया है.

इसी बीच गुरुवार दोपहर 3 से 3.30 बजे के बीच टाकीचा पाड़ा निवासी गणेश चिंधू केने (35) निवासी डोंगरनाव्हे एवं ज्ञानेश्वर बुधाजी गंडारी (35) निवासी शास्त्रीनगर (दुधलेपाड़ा) बारावी बांध के बैक वॉटर में बह गए। तहसीलदार संदीप अवारी ने बताया कि इस घटना की सूचना मिलने के बाद राजस्व विभाग, पुलिस और आपदा प्रबंधन तंत्र के साथ-साथ अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और तलाश शुरू की.

77 वर्षीय दादी घायल

जिला आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि शाहपुर तालुका के मौजे शेरे में भारी बारिश के कारण उनका घर ढह जाने से उनकी दादी गुलाब बालू उबले (77) घायल हो गईं.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

एजेंसियों की शुचिता पर सवाल

प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और पर्चाफोड़ के मामले उजागर होने से स्वाभाविक ही परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं पर सवाल उठते हैं। खासकर राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए की ओर से कराई जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में पर्चाफोड़ से देश के लाखों विद्यार्थियों के विश्वास को धक्का पहुंचा है। परीक्षाओं की विश्वसनीयता को लेकर केंद्र और राज्य सरकारें चिंतित भी हैं। इसी के मद्देनजर केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 लागू किया है, जिसकी अधिसूचना पिछले माह जारी की गई थी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने परीक्षा में गड़बड़ी और पर्चाफोड़ पर अंकुश लगाने के लिए हाल में नया कानून बनाया है। अब बिहार सरकार ने भी प्रदेश लोक परीक्षा (पीई) अनुचित साधन निवारण विधेयक, 2024 विधानसभा में पारित किया है। दरअसल, बिहार सरकार ने इसकी तात्कालिक जरूरत इसलिए समझी, क्योंकि नीट-यूजी पर्चाफोड़ मामले के तार वहां से भी जुड़े हैं। कुछ अन्य राज्य भी इस तरह का कानून बनाने पर विचार कर रहे हैं।

केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से बनाए गए कानूनों में परीक्षा में गड़बड़ी और पर्चाफोड़ के दोषियों को सजा के कड़े प्रावधान किए गए हैं। मगर, सवाल है कि क्या हर राज्य में अलग-अलग कानून बना देने से ऐसे मामलों पर अंकुश लग पाएगा? नीट-यूजी पर्चाफोड़ के मामले में केंद्र सरकार ने कुछ तात्कालिक कदम उठाए हैं।

नया कानून लागू करने के साथ ही इस मामले की जांच सीबीआइ को सौंपी गई है और कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। मगर, क्या ये कदम छात्रों और अभिभावकों की परेशानी दूर करने के लिए काफी हैं? यह कवायद मात्र रोग के लक्षणों का उपचार करना है। मूल समस्या कहीं अधिक गहरी है और इसकी जड़ों पर प्रहार करने की जरूरत है। प्रतियोगी परीक्षाओं में कुशल प्रतिभाओं का चयन जरूरी है और यह तभी संभव होगा, जब इन परीक्षाओं की शुचिता कायम रखी जाएगी। हर महत्त्वपूर्ण संस्थान और एजंसी के कार्य तभी उत्तम स्तर के होंगे, जब सुयोग्य व्यक्तियों को उनकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। साथ ही, परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने संबंधी कानूनों पर कड़ाई से अमल सुनिश्चित करना जरूरी है।

सरकार के लिए चुनौती पेश करेंगे कुछ विरोधाभास



बीते नौ जून को सत्ता में आई नई राजग सरकार का यह पहला पूर्ण बजट है। यह बजट कई मायनों में खास है, जो अगले पांच वर्षों के दौरान आर्थिक प्रबंधन के लिए नीतिगत ढांचे का प्रतिबिंब है। बजट की शुरुआत दो सावधानियों के साथ होती है-बढ़ती वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और वैश्विक मुद्रास्फीति का बढ़ता जोखिम। बजट भाषण में वित्त मंत्री द्वारा इन दो वैश्विक जोखिमों का उल्लेख दर्शाता है कि भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था इन वैश्विक जोखिमों के प्रति कितनी संवेदनशील है।

वित्त मंत्री ने जोर देकर कहा कि इन जोखिमों के बावजूद भारत के विकास की गति बनी रहेगी। लेकिन इसके लिए एक स्थिर व व्यापक आर्थिक व्यवस्था, टिकाऊ ऋण और घरेलू निवेश व उपभोक्ता मांग में बढ़ोतरी बेहद जरूरी है। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में भारतीय अर्थव्यवस्था में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए केंद्रीय बजट 2024-25 में नौ प्राथमिकताएं बताई हैं। इनमें उत्पादकता, नौकरियां, सामाजिक न्याय, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढांचा, नवाचार और सुधार शामिल हैं। इन बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। हाल के वर्षों में बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती रही है। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि इस बार बजट में रोजगार, कौशल विकास, लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम आकार के उद्यम (एमएसएमई) एवं मध्यवर्ग पर खास ध्यान दिया गया है। बजट में रोजगार बढ़ाने या निजी क्षेत्र में रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय से संबंधित जिन पांच योजनाओं की घोषणा की गई है, वे समावेशी विकास और सामाजिक विकास के लिए सक्षम ढांचा बना सकती हैं। ये घोषणाएं इस तथ्य को भी रेखांकित करती हैं कि बेरोजगारी इस समय देश के सामने सबसे गंभीर एवं व्यापक आर्थिक समस्याओं में से एक है। कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र और रोजगार के अवसरों के बीच अंतर को पाटने के लिए, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस मुद्दे को संबोधित करने के उद्देश्य से 2 ट्रिलियन (बीस खरब) रुपये के प्रधानमंत्री पैकेज के हिस्से के रूप में एक नई केंद्र प्रायोजित योजना की भी घोषणा की। 60 हजार करोड़ रुपये के परिव्यय वाली इस योजना का लक्ष्य राज्य सरकारों और उद्योग के सहयोग से अगले पांच वर्षों में बीस लाख से अधिक युवाओं को कौशल प्रदान करना है। कौशल के परिणाम और गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जो पाठ्यक्रम सामग्री और डिजाइन उद्योग की जरूरतों के अनुरूप है। 60 हजार करोड़ रुपये में से, राज्य सरकारें 20 हजार करोड़ रुपये और उद्योग जगत 10 हजार करोड़ रुपये का योगदान देगा, जिसमें उसके कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड भी शामिल हैं।

इस बजट में अगली पीढ़ी के सुधारों से संबंधित कई घोषणाएं की गई हैं। ये सुधार भूमि, श्रम, पूंजी, केंद्र-राज्य समन्वय और प्रौद्योगिकी के उपयोग से संबंधित हैं। बजट में जलवायु अनुकूलन और शमन के लिए पूंजी की उपलब्धता बढ़ाने की खातिर सक्षम ढांचा बनाने पर भी जोर दिया गया है। इनमें से अधिकांश सुधारों का क्रियान्वयन राज्यों के अधिकार क्षेत्र में है। खास तौर से भूमि से संबंधित कोई भी सुधार राज्य सरकारों को ही करना होगा। संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, भूमि पर अधिकार, जमींदार और किरायेदार के संबंध सहित भूमि का स्वामित्व, और किराये का संग्रह; कृषि भूमि का हस्तांतरण तथा भूमि सुधार राज्य के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। पिछले दो दशकों में भूमि एवं भूमि बाजार में सुधार की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। कुछ राज्यों में भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण एक बड़ी कामयाबी है। इस संबंध में राज्य स्तर पर व्यावहारिक भूमि संबंधी नीतिगत सुधारों के लिए विभिन्न राज्य स्तरीय नीतियों को समझना महत्वपूर्ण है। इस मामले में केंद्र सरकार केवल राज्यों को सक्षम बना सकती है। ये सुधार केंद्र सरकार द्वारा संचालित नहीं किए जा सकते। इसलिए ऐसे सुधारों के कार्यान्वयन की सफलता के लिए राज्य सरकारों के साथ परामर्श प्रक्रिया की शुरुआत करनी होगी।

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

अगर हम अपनी आत्मा की सुनेंगे, तो हम पायेंगे कि आंतरिक शांति और संतोष इस दुनिया की तमाम दौलत से कहीं अधिक मूल्यवान हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

बजट का असंतोष आबंटन, विपक्ष का हमला

हर बजटीय प्रावधान के पक्ष और विपक्ष में तर्क होते ही हैं। अक्सर विपक्ष उसकी खामियों को लेकर हमलावर नजर आता है। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि इसे सामान्य सिद्धांत मान कर सरकार बजटीय पक्षपात या असंतुलित प्रावधानों को सही ठहरा सकती है। इस बार के बजट को लेकर विपक्ष शुरू से ही हमलावर है। बुधवार को संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष ने बाहर प्रदर्शन किया। चर्चा के दौरान दोनों सदनों में हंगामा होता रहा।

प्रश्नकाल में विपक्ष ने राज्यसभा से बहिर्गमन किया। विपक्ष की सबसे अधिक आपत्ति बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष आबंटन को लेकर है। उसका कहना है कि बाकी राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है। इसलिए कि सरकार को गठबंधन कायम रखने के लिए जद (एकी) और तेदेपा को खुश रखना बहुत जरूरी है। इस पक्षपातपूर्ण आबंटन से नब्बे फीसद देश बजट में गायब है। मगर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इसके जवाब में कहा कि सभी राज्यों को कुछ न कुछ दिया गया है, उनका उल्लेख भले बजट में अलग से नहीं किया गया। हालांकि बजट में विशेष रूप से किसानों, महिलाओं और युवाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है, मगर उनके लिए भी बजटीय प्रावधान को विपक्ष संतोषजनक नहीं मान रहा।

राजग सरकार के दो कार्यकाल निर्विघ्न रहे, उनमें विपक्ष एक तरह से गायब था, इसलिए बजट पर अपेक्षित बहसें नहीं हो पाती थीं। मगर इस बार विपक्ष मजबूत स्थिति में है और सरकार उसकी आलोचना से बच नहीं सकती। अभी बजट पर चर्चा के दौरान और भी अनेक बातें रेखांकित होंगी। मगर इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि बजट पर गठबंधन के सहयोगी दलों का दबाव साफ नजर आता है। बिहार और आंध्र प्रदेश की जद (एक) और तेदेपा की राज्य सरकारें शुरू से विशेष दर्जे की मांग उठाती रही हैं।

कयास तो यहां तक लगाए जा रहे थे कि अगर उन्हें विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिला तो दोनों दल केंद्र सरकार का साथ छोड़ सकते हैं। मगर केंद्र ने उन्हें विशेष राज्य का दर्जा देने से साफ मना कर दिया। फिर बजट में उन्हें भारी-भरकम विशेष आर्थिक पैकेज दिया गया। इन दोनों राज्यों को बांट कर जब दो नए राज्य झारखंड और तेलंगाना बने, तो केंद्र ने इन्हें विशेष दर्जा देने का आश्वासन दिया था, मगर वह पूरा नहीं हो सका। इस लिहाज से इनकी दावेदारी वाजिब थी, मगर इसका यह अर्थ नहीं कि बाकी राज्यों की वित्तीय स्थिति अच्छी है और वे अपने दम पर विकास कर सकते हैं।

केंद्र सरकार का दायित्व है कि वह सभी राज्यों को समान रूप से तरक्की के अवसर उपलब्ध कराए। हर राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि की सुविधाएं सृजित करे। मगर अक्सर देखा गया है कि केंद्र की हर सरकार राज्यों के लिए वित्तीय आबंटन में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाती है। इसी के चलते अक्सर असंतोष और विरोध का स्वर उभरता है। केंद्र और राज्यों के बीच टकराव की स्थितियां बनती देखी जाती हैं। ठीक है कि इस वक्त राजग के सामने केंद्र में स्थायित्व का संकट है, इसलिए वह अपने दो बड़े सहयोगी दलों की मांगों की अनदेखी नहीं कर सकता। मगर संतुलन की अपेक्षा तो उससे की ही जाती है। अगर कुछ राज्यों और वर्गों की वास्तविक जरूरतों को नजरअंदाज कर केवल अपने पक्ष के वर्गों और राज्यों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाती हैं तो इससे देश का संतुलित विकास संभव नहीं हो पाता।

2 साल से खांस-खांसकर परेशान था शख्स...

छींक या खांसी आना यूं तो आम बात है, जब तक कि इसके पीछे कोई बड़ी बीमारी न हो. कई बार तो सर्दी-

जरा हट के

जुकाम या किसी इंफेक्शन के दौरान आने वाली खांसी भी इतनी बढ़ जाती है कि हफ्तों और महीनों तक चलती रहती है. हालांकि सालभर तक खांसी आती रहे, तो ये किसी गंभीर बीमारी का ही लक्षण हो सकता है.

आदमी को पिछले 2 साल से इतनी ज्यादा खांसी आ रही थी कि वो इस गलतफहमी में आ गया कि उसे कैंसर हो गया है. हालांकि जब उसे इसके पीछे की असल वजह समझ में आई तो उसे यकीन ही नहीं हुआ. ये कहानी चीन के ज़ेजियांग प्रांत के रहने वाले 54 साल के शख्स की है, जिसकी खांसी नासूर बन चुकी थी.

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक शु सरनेम वाले 54 साल के शख्स को पिछले दो साल से इतनी

खांसी आ रही थी कि वो परेशान हो चुका था. उसने हर तरह की दवाएं लीं, लेकिन खांसी पर कोई असर ही नहीं हुआ. आखिरकार उसने ज़ेजियांग अस्पताल के गला विशेषज्ञों से सलाह ली. जब उसका स्कैन किया गया तो पता चला कि शख्स के फेफड़े में 1 सेंटीमीटर का मास है, जो निमोनिया या ट्यूमर भी पैदा कर सकता है. डॉक्टरों ने कैंसर तक की आशंका जताई और उसकी सर्जरी की डेट भी दे दी.

ट्यूमर की जगह निकली 'मिर्ची'

डॉक्टर चाहते थे कि वे फेफड़े में मौजूद मास के टिश्यू की पहले जांच कर लें, ताकि कैंसर की स्टेज का पता चल सके. हालांकि जब उन्होंने देखा, तो उन्हें फेफड़े में एक चिली पेपर का ऊपरी हिस्सा मिला. जब शु को इसके बारे में पता चला तो उसने बताया कि 2 साल पहले हॉटपॉट खाते वक्त उसका गला चोक हुआ था और शायद तभी ये मिर्च अंदर चली गई थी. चूंकि वो टिश्यू के नीचे दबी थी, इसलिए कोई उसे कभी स्कैन में देख भी नहीं पाया. वहीं डॉक्टरों को हैरानी थी कि आखिर शख्स इस तरह की खांसी को दो साल से झेल कैसे रहा था?

बारिश में कम हो रही है चेहरे की चमक

बारिश का मौसम शुरू होते ही हर किसी के चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। इस मौसम में आप जिस तरफ भी देखेंगे वहां हरियाली छाई रहती है। ये मौसम बहुत से लोगों के लिए तो काफी खुशनुमा होता है, लेकिन बहुत लोगों के लिए ये काफी परेशानी लेकर आता है। खासतौर पर जिन लोगों की त्वचा संवेदनशील होती है, उनके लिए इस मौसम में काफी परेशानी होती है। बारिश की वजह से त्वचा पर खुजली, रैशेज और लालिमा जैसी परेशानियां होने लगती हैं। इसके साथ-साथ जिन लोगों की त्वचा ड्राई होती है, वो भी इस मौसम में त्वचा के रूखेपन से काफी परेशान रहते हैं। इन्हीं सब दिक्कतों की वजह से त्वचा की चमक खोने सी लगती है।

अगर आप भी इन परेशानियों से जूझ रहे हैं तो घबराने की जरूरत नहीं हैं। यहां हम आपको बारिश के मौसम में स्किन केयर करने का सही तरीका बताएंगे, ताकि इस मौसम में भी आपकी त्वचा खिली-खिली रहे। तो बिना देर किए इस स्किन केयर रूटीन को आप भी अपना लें।

...तो अपनाएं ये स्किन केयर रूटीन, खिल जाएगी त्वचा

■ मॉइश्चराइजर है जरूरी

इस मौसम में हर किसी को मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। दरअसल, लोगों को लगता है कि बारिश में त्वचा में नमी अपने आप बरकरार रहेगी, जबकि ऐसा नहीं है। मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल हर मौसम में करना जरूरी होता है। मॉइश्चराइजर खरीदते वक्त अपने स्किन टाइप का ध्यान अवश्य रखें। इस मौसम में जेल या वॉटर बेस्ड मॉइश्चराइजर ही आपकी त्वचा को सुरक्षित रखेगा।

■ सही एसपीएफ की सनस्क्रीन

अगर आपको लगता है कि सनस्क्रीन का इस्तेमाल सिर्फ तेज धूप में करना चाहिए तो आप गलत हैं। सूरज की हानिकारक किरणें बारिश में भी आपकी त्वचा को

नुकसान पहुंचा सकती हैं। ऐसे में हमेशा 40 से ज्यादा एसपीएफ वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल अपनी त्वचा पर करें। ये सूरज की हानिकारक किरणों से आपको बचाकर रखेगी।

■ मास्क हटाएगा गंदगी

इस मौसम में मास्क ही आपकी त्वचा को साफ रखने में मदद करेगा। आप चाहें तो इसके लिए घरेलू फेस मास्क भी इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर घरेलू मास्क लगाना नहीं चाहतीं तो अपनी स्किन टोन के हिसाब से बाजार में मिलने वाले फेस मास्क का इस्तेमाल करें।

■ क्लींजर और टोनर चमकाएगा चेहरा

इस मौसम में अपने पोर्स को अच्छी तरह से साफ करने के लिए आपको अच्छी क्वालिटी के क्लींजर का इस्तेमाल जरूर करें। इसके साथ ही त्वचा के लिए सही टोनर भी इस्तेमाल करें। इससे भी आपकी त्वचा खिल उठेगी। त्वचा को सही से हाइड्रेट करने के लिए आपको सही टोनर की जरूरत पड़ेगी।

आलू के पत्तों की वड़ी

अरबी के पत्ते सोडियम और पोटैशियम और मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं. इसके सेवन से आपको ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद मिलती है. साथ ही आपको जोड़ों के दर्द में भी राहत प्रदान होती है. ऐसे में आज हम आपके लिए अरबी के पत्तों की वड़ी बनाने की रेसिपी लेकर आए हैं. ये स्वाद में चटपटे और क्रिस्पी लगते हैं. इनको आप मानसून सीजन के दौरान गर्मागर्म चाय के साथ खूब चाव से खा सकते हैं. बच्चे और बड़े इसके स्वाद को यकीनन खूब पसंद करेंगे, तो चलिए जानते हैं अरबी के पत्तों के भजिए बनाने की रेसिपी.

■ सामग्री :

- –अरबी के पत्ते 8-10
- –बेसन 1 कप
- –लहसुन का पेस्ट 1 चम्मच
- –हल्दी पाउडर 1/2 चम्मच
- –धनिया पाउडर 1/2 चम्मच

- –लाल मिर्च पाउडर 1/2 चम्मच
- –अमचूर पाउडर 1 चम्मच
- –नींबू का रस थोड़ा सा
- –नमक स्वादानुसार
- –तेल जरूरत के अनुसार

खाना-खजाना

विधि :

इसको बनाने के लिए आप सबसे पहले एक बाउल में बेसन और सारे मसालें डालें. फिर आप इसमें आवश्यकतानुसार पानी डालें. इसके बाद आप इन सबको अच्छी तरह से मिलाकर पकौड़े का घोल तैयार कर लें. फिर आप इसमें कटे हुए अरबी के पत्ते डालें और अच्छे से मिला लें. इसके बाद आप एक कढ़ाई में तेल डालकर मीडियम हीट पर गर्म करें. फिर आप इसमें तैयार पेस्ट डालकर नॉर्मल प्याज के पकौड़े की तरह डीप फ्राई कर लें. अब आपके क्रिस्पी अरबी के पत्तों की वड़ी बनकर तैयार हो चुके हैं. फिर आप इनको कैचप या किसी चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें.

बरसात में घर से छिपकली दूर भगाने के उपाय

■ एक भी नहीं आएगी नजर

बरसात का मौसम शुरू होते ही जगह-जगह पानी और गंदगी जमा होने से वहां कीड़े-मकौड़े पनपने लगते हैं। जिन्हें अपना निवाला बनाने के लिए घर में छिपकलियां बेझिझक घूमती रहती हैं। घर में घूमती ये छिपकलियां ना सिर्फ देखने में गंदी लगती हैं बल्कि कई बार सेहत के लिए भी कई खतरे पैदा कर सकती हैं। बता दें, छिपकली के मल और लार में सल्मोनेला नाम का बैक्टीरिया पाया जाता है, जिसकी वजह से व्यक्ति को फूड पॉइजनिंग का खतरा हो सकता है।

■ घर से छिपकली दूर भगाने के टिप्स-

■ पेपर स्प्रे-

छिपकली को घर से दूर भगाने के लिए आप काली मिर्च का उपाय भी आजमा सकते हैं। इसके लिए काली मिर्च के पाउडर में पानी मिलाकर उसे एक स्प्रे बॉटल में भरकर छिपकली पर डालें। यह पेपर स्प्रे छिपकली के शरीर में जलन पैदा करके उसे घ से बाहर जाने पर मजबूर करता है।

■ मोर पंख-

छिपकली भगाने का ये उपाय दादी-नानी के जमाने से चला आ रहा है। अंग आप घर से छिपकली दूर भगाना चाहते हैं तो दीवार पर टेप की मदद से मोर पंख लगा दें। इसके अलावा उन जगहों पर भी मोर पंख रख दें, जहां आपको लगता है सबसे ज्यादा छिपकली आती हैं।

■ लहसुन-

घर से छिपकली दूर भगाने के लिए लहसुन की कलियों को छीलकर घर की उन जगहों पर रखें, जहां छिपकली दिखाई देती हों। लहसुन की गंध से छिपकलियां कुछ ही देर में घर से दूर भाग जाएंगी।

किचन छोटा होने की वजह से पूरे नहीं आ पाते बर्तन

अपनाइए स्मार्ट किचन टिप्स

किचन बड़ी हो या छोटी, अव्यवस्थित रसोई किसी को भी देखने में आकर्षक नहीं लगती है। आजकल ज्यादातर घरों की रसोई साइज में छोटी बनाई जाती हैं। जिसकी वजह से कई बार उसमें किचन की जरूरत के पूरे बर्तन तक रखने में परेशानी होने लगती है। नतीजतन, किचन के आधे बर्तन बाहर ही निकले पड़े रहते हैं और रसोई फैली हुई लगती है। ऐसी रसोई में ना सिर्फ महिला को काम करने में बल्कि साफ सफाई करने तक में बेहद परेशानी होती है। अगर आपकी रसोई का भी हाल कुछ ऐसा ही है तो ये स्मार्ट किचन टिप्स ना सिर्फ आपकी छोटी रसोई को व्यवस्थित करने में मदद करेंगे बल्कि आपकी रसोई देखने में भी खूबसूरत लगेगी। आइए जानते हैं कैसे-

ड्रॉवर डिवाइडर-

किचन के सारे बर्तन एक जगह स्टोर करने रखने से बर्तनों की चमक खो सकती है। ऐसे में आप किचन में रखें बर्तनों को व्यवस्थित करने के लिए ड्रॉवर डिवाइडर का यूज करें। इन ड्रॉवर डिवाइडर की खासियत यह होती है कि ये एडजस्टेबल होते हैं, जिसकी वजह से डिवाइडर बर्तनों के आकार के आधार पर डिब्बों को कस्टमाइज़ करके उन्हें रखने के लिए जगह बना देता है। यहां आप अपनी कटलरी और छोटे-बड़े बर्तनों को आसानी से रख सकते हैं।

अंडर-कैबिनेट हुक-

खाना पकाते समय अक्सर रसोई में पैन, करछी, बड़े चम्मच जैसी चीजें बार-बार यूज में आती हैं। ऐसे में इन चीजों को एक जगह इकट्ठा करके रखने पर कई बार ये चीजें जरूरत के समय नहीं मिलती हैं। ऐसे में इन सभी चीजों को व्यवस्थित तरीके से रखने के लिए आप केबिनेट में अंडर-कैबिनेट हुक का इस्तेमाल कर सकते हैं। अंडर-कैबिनेट हुक का इस्तेमाल करने से किचन की दराज या काउंटर की जगह खाली बनी रहती है।

एक्स्ट्रा शेल्व-

अगर आपके किचन में बर्तन रखने की अलमारी है, तो उस अलमारी में 2-3 एक्स्ट्रा शेल्व जुड़वाकर कटलरी और क्रॉकरी सेट वहां रख सकते हैं। आपके ऐसा करने से किचन ना सिर्फ सुंदर लगेगा बल्कि व्यवस्थित भी लगेगा।

ओपन वुडन शेल्फ-

रसोईघरों में वुडन शेल्फ का फैशन काफी ट्रेंड कर रहा है। यह किचन डेकोर टिप्स ना सिर्फ रसोई की दीवारों को खूबसूरत बनाता है बल्कि रसोई के बर्तन स्टोर करने में भी मदद कर सकता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

आज का राशिफल

मेष : सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में चैन बना रहेगा। सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी।

वृषभ : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी।

मिथुन : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि बाद में पछताना पड़े। दूसरे अधिक अपेक्षा करेंगे। नकारात्मकता हावी रहेगी। शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

कर्क : कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्त्री वर्ग से सहायता प्राप्त होगी। नौकरी व निवेश में इच्छा पूरी होने की संभावना है। प्रतिद्वंद्विता कम होगी।

सिंह : आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी। नौकरी में मनोनुकूल स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट आदि से बड़ा फायदा हो सकता है। परिवार की चिंता बनी रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

कन्या : किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। झंझटों में न पड़ें।

तुला : प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं। फालतू बातों पर ध्यान न दें। लाभ में वृद्धि होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी।

वृश्चिक : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की बाधा दूर होगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि तथा सम्मान में वृद्धि होगी। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें।

धनु : दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। सही काम का भी विरोध हो सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें।

मकर : कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में लापरवाही न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

कुंभ : दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। खर्च सामने आएंगे। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। यश बढ़ेगा। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है या समय पर नहीं मिलेगी।

मीन : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। व्यापार-व्यवसाय की गति बढ़ेगी। चिंता रह सकती है। थकान रहेगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

खबरें गांव की...

करंट लगने से कांवड़िया की मौत

मेरठ. मेरठ में एक दर्दनाक हादसे में एक कांवड़िये की मौत हो गई। गुरुवार सुबह 23 वर्षीय कांवड़िये की दौराला में सड़क किनारे लगे कांवड़ शिविर में करंट लगने से मौत हुई। मृतक जल लेकर अपने घर वापस जा रहा था। जानकारी के मुताबिक दिल्ली के उत्तम नगर निवासी 23 वर्षीय प्रदीप कुमार कांवड़ यात्रा के लिए हरिद्वार आया था। अपने साथियों के साथ हरिद्वार से गंगा जल लेकर प्रदीप घर (दिल्ली) की ओर वापस जा रहा था। प्रदीप ने अन्य कांवड़ियों के साथ दौराला में सड़क किनारे लगे एक कांवड़ शिविर में रुकने का फैसला किया। इस दौरान गुरुवार की सुबह प्रदीप कैंप में लगे एक पंखे को एडजस्ट कर रहा था। तभी पंखे में करंट उतर आया। प्रदीप ने पंखा पकड़ा हुआ था और करंट की चपेट में आ गया।

राहुल गांधी मानहानि मामले में सुलतानपुर कोर्ट में होंगे पेश, अमित शाह पर टिप्पणी का है मामला

सुलतानपुर. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी 26 जुलाई शुक्रवार को मानहानि मामले में दीवानी न्यायालय में पेशी पर आएंगे। इसके बाद वह अमेठी और रायबरेली के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष-प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने स्वागत को पार्टी के जिलाध्यक्ष को सूचना भेजी है। राहुल के आने पर भीड़ जुटने की संभावना को लेकर पुलिस और प्रशासन की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं।

2 दिन में 14 कांवड़िए गंगा नदी में बहे

देहरादून. यूपी, दिल्ली-एनसीआर समेत अन्य पड़ोसी राज्यों से कांवड़िए भारी संख्या में गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार पहुंच रहे हैं। पिछले दो दिनों में 14 कांवड़िए गंगा नदी में बह गए थे। एसडीआरएफ के जवानों ने कड़ी मशक्कत कर कांवड़ियों को डूबने से बचाया। बारिश के बाद गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी उफान पर है। दूसरी ओर, कांवड़िए पुलों पर चढ़कर गंगा नदी में छलांग लगा रहे हैं। घाटों पर पुलों से गंगा में छलांग लगा कर जान जोखिम में डाल रहे हैं। बुधवार को एसडीआरएफ और जल पुलिस ने गंगा में डूब रहे सात कांवड़ियों को रेस्क्यू किया। दो दिन में 14 कांवड़ियों को गंगा में डूबने से बचाया गया है। हरकी पैड़ी और आसपास के घाटों पर बड़ी संख्या में कांवड़िए बेरोकटोक पुलों पर चढ़ रहे हैं। कांवड़ मेले की चाक चौबंद सुरक्षा और चप्पे-चप्पे पर तैनात पुलिस बल के दावों के बीच गंगा में छलांग लगा रहे कांवड़िए पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिह्न लगा रहे हैं।

मां की जान बचाने को गुलदार से भिड़ा 15 साल का बेटा, डंडे से खदेड़ा

बिजनौर. बिजनौर के नहटौर थानाक्षेत्र के गांव पुट्ठी पुट्ठा में बुधवार सुबह खेत से चारा लेने गई महिला पर गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। महिला के 15 वर्षीय बेटे ने साहस का परिचय दिया और डंडा लेकर गुलदार को खदेड़ दिया। सूचना पर पहुंचे लोगों की मदद से घायल मां को अस्पताल में भर्ती कराया। नहटौर के ग्राम पुट्ठी पुट्ठा निवासी विजेंद्र की पत्नी मोनी देवी अपने 15 वर्षीय बेटे पुकार के साथ बुधवार सुबह पूर्व ग्राम प्रधान संजीव कुमार के खेत में घास काटने गई थी। बताया गया कि खेतों में पहले से घात लगाए बैठे गुलदार ने महिला पर हमला कर दिया, इसमें महिला घायल हो गई। शोर सुनकर पास में काम कर रहा महिला का बेटा डंडा लेकर गुलदार से भिड़ गया। किशोर ने गुलदार को खेतों में खदेड़ दिया। वहीं गुलदार की सूचना मिलते ही खेतों में काम कर रहे किसान दहशत के कारण घरों को लौट गए।

अमित शाह से मिले अजित पवार

दिल्ली में ही क्यों फडणवीस से मुलाकात; क्या है डिमांड?

नई दिल्ली. महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने बुधवार को होम मिनिस्टर अमित शाह से मुलाकात की। दोनों पक्षों की ओर से इस पर चुप्पी ही रखी गई है, लेकिन कयास हैं कि मीटिंग सीट बंटवारे को लेकर थी। चर्चा है कि अजित पवार की एनसीपी ने विधानसभा चुनाव में 80 से 90 विधानसभा सीटों की मांग की है। खासतौर पर उन 54 सीटों पर अजित पवार ने दावेदारी की, जिन पर संयुक्त एनसीपी ने 2019 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। एनडीए के बीच लोकसभा चुनाव के बाद से ही विधानसभा में सीट बंटवारे को लेकर मंथन जारी है।

अजित पवार गुट के खिलाफ आरएसएस के कई विचारकों ने आवाज उठाई थी। लोकसभा नतीजों के बाद पांचजन्य में एक लेख लिखा गया था, जिसमें अजित पवार से गठबंधन को बैकफायर करने वाला फैसला बताया गया था। इसके अलावा आरएसएस से जुड़ी मराठी पत्रिका विवेक में भी इस पर सवाल उठाए गए थे। ऐसी स्थिति में अजित पवार का अमित शाह से मिलना मायने रखता है। पवार के करीबी सूत्रों ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच बुधवार देर रात बैठक हुई। उन्होंने बताया कि पवार के 28 जुलाई को फिर से यात्रा करने की संभावना है। चुनाव इस साल अक्टूबर में होने की संभावना है।

अमित शाह से मीटिंग के बाद अजित पवार ने दिल्ली में ही देवेंद्र फडणवीस समेत कई अन्य भाजपा नेताओं से मुलाकात की। अजित पवार की डिमांड है कि पश्चिम महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और उत्तर महाराष्ट्र की कम से कम 20 सीटें उन्हें दी जाएं। इन सीटों पर वह कांग्रेस के खिलाफ उतरना चाहते हैं। अजित पवार की मुंबई की भी 4 से 5 सीटों पर नजर है। यहां भी उनकी राय है कि वे कांग्रेस से ज्यादा बेहतर तरीके से लड़ सकते हैं।

इस लोकसभा चुनाव में एनसीपी ने चार सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन वह सिर्फ एक सीट पर जीत हासिल कर पाई। पवार की पत्नी सुनेत्रा (बारामती सीट से चुनाव लड़ी थीं) को मौजूदा सांसद और एनसीपी-शरदचंद्र पवार प्रमुख शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने हराया था। बाद में सुनेत्रा पवार निर्विरोध राज्यसभा सदस्य चुनी गईं। पवार जुलाई 2023 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हुए और उपमुख्यमंत्री बने। हाल के दिनों में भाजपा के कुछ नेताओं और आरएसएस ने लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन के खराब प्रदर्शन के लिए अजित पवार और उनकी पार्टी एनसीपी को महायुति में शामिल किए जाने को जिम्मेदार ठहराया था।

पुणे में बारिश से हाहाकार

- लोगों ने छोड़ी सोसाइटी
- स्कूल बंद करने पड़े
- 24 घंटे में 4 लोगों की मौत, 1 घायल,
- सेना से मांगी मदद

पुणे. महाराष्ट्र का पुणे बारिश के कहर का सामना कर रहा है। खबर है कि शहर में दो दिनों से भारी बारिश का दौर जारी है। इस दौरान जनता को जलजमाव, भूस्खलन और बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने पुणे सिटी, पिंपरी चिंचवाड़ और जिले के पश्चिम हिस्सों में गुरुवार को स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी है।

पुणे में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच गुरुवार को वर्षाजनित घटनाओं में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। शहर के डेक्कन जिमखाना इलाके में भारी बारिश के कारण पानी में डूबे ठेले को बाहर निकालने की कोशिश करते समय करंट लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं मुल्शी तहसील के तहमिनी घाट में एक भोजनालय पर भूस्खलन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया।

जिला प्रशासन ने बताया है कि बीते 24 घंटों में लोनावला में 299 मिमी, लवासा में 417 मिमी, जुन्नार में 214 मिमी बारिश हुई है। शिवाजीनगर में 101 मिमी, चिंचवाड़ सिटी में 156 मिमी बारिश हुई है। इधर, भारी बारिश के कारण डैम का जलस्तर बढ़ने की वजह से सिंचाई विभाग को खड़कवासला डैम से 35 हजार क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा है।

इसके चलते सिंहगढ़ रोड पर हाउसिंग सोसाइटीज जलमग्न हो गई हैं। PMC ने बताया है कि एकता नगरी इलाके में कम से कम 4 हाउजिंग सोसाइटीज में पानी भरा हुआ है, जिसके चलते लोगों को सोसाइटी छोड़कर जाना पड़ा है। फिलहाल, राहत कार्य जारी है। भवानी पेठ पर पेड़ गिरने के कारण सड़क ब्लॉक हो गई है और वडगांव बुदरुक में बाउंड्री वॉल गिरने की खबरें हैं।

जरूरत होने पर बाहर निकलें

पुणे जिला कलेक्टर सुहास दिवसे ने पुणे, पिंपरी चिंचवाड़, मावल, मुल्शी, भोर वेल्हा, खेड़, अंबेगांव, जुन्नार हवेली के सभी प्राइमरी और सेकेंडरी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी है। उन्होंने कहा, 'हमने निचले इलाकों में फायर ब्रिगेड और कार्यबल को तैनात किया है। लोगों को सलाह दी जा रही है कि अगर कोई जरूरी काम न हो तो घर से बाहर न निकलें।'

3 दिन में सोना 5 हजार रुपए हुआ सस्ता

- 974 रुपए गिरकर 69,194 रु. प्रति 10 ग्राम बिक रहा
- चांदी 81,801 रुपए/किलो पर आई

मुंबई. बजट में सोना-चांदी की कस्टम ड्यूटी (इम्पोर्ट टैक्स) घटने के बाद से 3 दिन में सोना 5,000 रुपए और चांदी 6,400 रुपए सस्ती हो चुकी है। सरकार ने बजट में सोना-चांदी पर कस्टम ड्यूटी को 15% से घटाकर 6% कर दिया है। इससे भाव में ये गिरावट आई है।

बजट के दो दिन बाद, यानी आज 25 जुलाई को सोना 974 रुपए गिरकर 68,177 रुपए पर आ गया है। 23 जुलाई को इसमें 3,616 रुपए और 24 जुलाई को 451 रुपए गिरावट आई थी। वहीं चांदी आज 3,061 रुपए गिरकर 81,801 रुपए प्रति किलो पर आ गई है।

सोने की मांग बढ़ेगी, कीमतें ज्यादा नहीं घटेंगी

कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के अनुसार इस बार बजट में सोना-चांदी पर लगने वाली कस्टम ड्यूटी 15% से घटाकर 6% कर दी है। इससे इसकी कीमत में गिरावट देखने को मिल रही है।



लेकिन कस्टम ड्यूटी घटने के बाद आने वाले दिनों में सोने की मांग और तेजी से बढ़ेगी।

अभी सोने और चांदी में गिरावट भले हुई है, लेकिन इसे केवल ड्यूटी एडजस्टमेंट कह सकते हैं। कुछ दिन अगर सोना गिरा भी तो यह फिर कवर कर लेगा। अमेरिका में चुनाव और वैश्विक तनाव को देखते हुए सोने और चांदी के दाम अधिक नहीं गिरेंगे। यह खरीद का अच्छा मौका है।

अब तक 4,800 रुपए से ज्यादा बढ़ चुके हैं दाम

इस साल अब तक सोने के दाम 4,800 रुपए प्रति 10 ग्राम बढ़ चुके हैं। साल की शुरुआत में ये 63,352 रुपए पर था। जो अब 68,177 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। वहीं चांदी साल की शुरुआत में 73,395 रुपए प्रति किलो पर थी। जो अब 81,801 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। यानी, चांदी इस साल 8,400 रुपए बढ़ चुकी है।

UPSC बदल सकता है एग्जाम सिस्टम, अब AI की होगी एंट्री

नई दिल्ली. UPSC यानी संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा व्यवस्था में बदलाव की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि UPSC एग्जाम में चीटिंग और फ्रॉड से बचने के लिए लेटेस्ट टेक्नोलॉजी की मदद ले सकता है। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (AI), फेशियल रिकॉग्निशन जैसी तकनीकें शामिल हो सकती हैं।

UPSC हर साल CSE यानी सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन समेत 14 परीक्षाएं आयोजित करता है। इसके अलावा सरकार के शीर्ष पदों के लिए रिक्रूटमेंट टेस्ट और

इंटरव्यू भी UPSC का हिस्सा हैं।

ये सुरक्षा व्यवस्थाएं बन सकती हैं UPSC का हिस्सा

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, UPSC आधार आधारित फिंगरप्रिंट पर भी विचार कर रहा है। इसके अलावा AI के इस्तेमाल वाले CCTV, ई-एडमिट कार्ड की स्कैनिंग की QR कोड स्कैनिंग भी शामिल हैं। आयोग परीक्षा में उम्मीदवार के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को बैठने जैसी धोखाधड़ी से बचने के लिए भी यह कदम उठा सता है।

फिलहाल, UPSC ने इन सेवाओं के लिए बोलियां बुलाई हैं। खबर है कि टेंडर के दस्तावेजों में साफ किया गया है कि इस तरह की सेवाएं देने वाली कंपनियों को परीक्षा के दो से तीन सप्ताह पहले ही शेड्यूल, परीक्षा केंद्रों और कितने उम्मीदवार शामिल हो रहे हैं, जैसी जानकारियां दे दी जाएंगी। खास बात है कि यह सब ऐसे समय पर हो रहा है, जब महाराष्ट्र कैडर की IAS पूजा खेडकर का मामला चर्चा में है।

दिल्ली के शख्स ने अमेरिकी महिला से की 3.3 करोड़ रु की ठगी

नई दिल्ली. ईडी ने लिसा रोथ नाम की एक अमेरिकी महिला के साथ की गई 3.3 करोड़ रुपए की साइबर ठगी के सिलसिले में दिल्ली के रहने वाले एक शख्स लक्ष्य विज (33) को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने दिलशाद गार्डन में रहने वाले विज को सोमवार रात PMLA के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया।

मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला जुलाई 2023 सीबीआई द्वारा दर्ज FIR से निकला है। गिरफ्तारी के बाद ठगी के मुख्य आरोपी विज को मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 5 दिन की ईडी की रिमांड पर भेज दिया गया है। सीबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी ने पिछले साल 4 जुलाई को पीड़िता लिसा रोथ का लैपटॉप हैक कर लिया गया था।

'ऐसे गोलियां चलाना कि सलमान खान को डर लगे'

- शूटर्स को लगातार आदेश दे रहा था गैंगस्टर अनमोल
- चार्ज शीट में है ऑडियो क्लिप का जिक्र

मुंबई. 'ऐसे फायरिंग करना कि सलमान खान को डर लगे.. तुम लोग हेलमेट मत पहनना और सिगरेट पीते रहना..ताकि CCTV फुटेज में घबराए हुए ना लगो..'

कुछ इस तरह के आदेश गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल ने उन दो शूटर्स को दिए थे जिन्होंने 14 अप्रैल की सुबह सलमान खान के घर पर फायरिंग की थी।

चार्जशीट में किया अनमोल और शूटर्स की बातचीत का जिक्र

स्पेशल कोर्ट में दाखिल 1,735 पन्नों की चार्जशीट में मुंबई क्राइम ब्रांच ने शूटिंग से पहले शूटरों और अनमोल के बीच हुई बातचीत के ऑडियो क्लिप का जिक्र किया है।

सिग्नल एप पर हुई इस बातचीत में अनमोल ने शूटर्स को सलमान के घर पर ज्यादा से ज्यादा गोलियां चलाने के आदेश दिए थे। उसने कहा था- 'ऐसे फायरिंग करना की भाई (सलमान) बुरी तरह डर जाए।'

इसमें बताया गया कि अनमोल ने शूटर विक्की गुप्ता और सागर पाल से कहा था कि वो हेलमेट ना पहनें और स्मोकिंग करते रहें ताकि वो डरे हुए ना लगें।

4 जून को रिकॉर्ड हुआ था सलमान का बयान

इस चार्जशीट में मुंबई क्राइम ब्रांच ने सलमान खान के दिए गए बयान को भी शामिल किया है। सलमान के इस बयान को मुंबई क्राइम ब्रांच ने एंटी एक्सटॉर्शन सेल के साथ 4 जून को रिकॉर्ड किया था।

अपने बयान में सलमान ने बताया था कि घर पर फायरिंग के वक्त वो कहां थे और क्या कर रहे थे। इसमें सलमान ने कहा था कि गैंगस्टर अनमोल से सिर्फ उन्हें ही नहीं उनके परिवार वालों को भी खतरा है।

बॉर्डर पर जल्द लगेंगे एंटी-ड्रोन सिस्टम

नई दिल्ली. देश में सीमा पार से लगातार आ रही घुसपैठ और तस्करी की खबरों के बीच पंजाब सरकार ने इससे निपटने के लिए एक घोषणा की है। नशीली दवाओं की तस्करी से निपटने के लिए बॉर्डर पर जल्द ही एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात किए जाएंगे। पंजाब के राज्यपाल ने ड्रग्स और हथियारों की तस्करी के लिए सीमा पार से ड्रोन के इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त की है। राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने बुधवार को घोषणा की है कि घुसपैठ को रोकने के लिए पाकिस्तान की सीमा से सटे पूरे क्षेत्र को ड्रोन रोधी तकनीक से लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा, ₹ड्रोन समस्या का समाधान होना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्रालय इस बारे में बहुत गंभीर है और मुझे बताया गया है कि पाकिस्तान की सीमा से सटे क्षेत्र में एक साल के अंदर ड्रोन रोधी तकनीक विकसित कर ली जाएगी।₹

भारत को मिली पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप की मेजबानी

- हिमाचल में 2 से 9 नवंबर तक होगा आयोजन
- 50 देशों के 130 प्रतिभागी होंगे शामिल

भारत को इस बार पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप मेजबानी मिली है। इसका आयोजन हिमाचल के कांगड़ा जिले के बीड़-बिलिंग में 2 से 9 नवंबर के बीच किया जाएगा। पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप एसोसिएशन ने बीते साल बीड़-बिलिंग में संपन्न पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप और पैराग्लाइडिंग क्रॉस-कंट्री प्री वर्ल्ड कप के सफल आयोजन को देखते हुए यहां वर्ल्ड कप कराने को हरी झंडी दी है।

आपको बता दें कि साल 2023 में बीड़ बिलिंग में दो प्री-वर्ल्ड कप आयोजित किए जा चुके हैं। बीड़ बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन (BPA) के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार के प्रोत्साहन और सहयोग से भारत को इसकी मेजबानी मिली है। उन्होंने बताया कि फेडरेशन एरोनोटिक इंटरनेशनल (FAI) ने इसे कैटेगिरी 2 इवेंट का दर्जा दिया है। एयरो क्लब ऑफ इंडिया ने भी इसे मान्यता दी है।

40 से 50 देश करेंगे प्रतिभाग

अनुराग ने बताया कि इस इवेंट में 40 से 50 देश के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि, अभी पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप एसोसिएशन की वेबसाइट में मात्र तीन दिन में ही 27 देशों के 81 प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। इस वर्ल्ड कप में 130 प्रतिभागियों को ही उड़ान भरने का मौका मिलेगा। इसके लिए वर्ल्ड और नेशनल रैंकिंग को आधार बनाया जाएगा। उन्होंने बताया, वर्ल्ड कप में प्रतिभागियों को प्रतिदिन क्रॉस कंट्री के तहत बीड़ बिलिंग से 100 से 200 किलोमीटर उड़ान के टास्क दिए जाएंगे। इस आयोजन के दौरान बीड़-बिलिंग में हिमाचल पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल भी मनाया जाएगा। इसमें वर्ल्ड कप के अलावा दर्शकों के लिए हवाई रोमांचक खेल से जुड़े कई करतब, मैराथन, साइकिलिंग, राफ्टिंग व इंडियन एयर फोर्स के शो का भी आयोजन होगा।

महाराजा रणजीत सिंह के सिंहासन को वापस लाने की मांग

नई दिल्ली. संसद सत्र के दौरान बुधवार को राज्यसभा में स्पेशल मेंशन के दौरान कई जरूरी मुद्दे उठाए गए। आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने इस बीच महाराजा रणजीत सिंह के 19वीं सदी के स्वर्ण सिंहासन को ब्रिटेन से वापस लेने की मांग की है। सोने की चादर से ढका यह सिंहासन फिलहाल लंदन के एक म्यूजियम में है।

राघव चड्ढा ने केंद्र से महाराजा रणजीत सिंह के स्वर्ण सिंहासन को वापस लाने के लिए ब्रिटेन सरकार के साथ बातचीत करने का अनुरोध

किया है। यह फिलहाल लंदन के विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय में रखा हुआ है।

राघव चड्ढा ने इसकी जानकारी देते हुए X पर लिखा, ₹आज संसद में मैंने महाराजा रणजीत सिंह जी के शाही सिंहासन को वापस लाने की मांग की है, जो वर्तमान में लंदन के विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय में है। मैंने भारत सरकार से अनुरोध किया है कि वह इसके लिए यूनाइटेड किंगडम के साथ अपने मजबूत रिश्ते का फायदा उठाए। उन्होंने कहा, ₹महाराजा रणजीत सिंह जी के महान शासन ने पंजाब को एकजुट किया, धर्मनिरपेक्ष मूल्यों, न्याय, समानता, सांस्कृतिक विरासत और सुशासन को बढ़ावा दिया। मैंने यह भी मांग की कि हम अपने इतिहास में महाराजा रणजीत सिंह जी की विरासत और उनके योगदान को स्कूली पाठ्यपुस्तकों में शामिल करें ताकि छात्र उनके बारे में जान सकें।₹

कैसे पहुंच गया था यह अंग्रेजों तक?

1849 में जब ब्रिटेन ने पंजाब पर कब्ज़ा किया था तब ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने इस सिंहासन को जब्त कर लिया था। सिंहासन को लीडनहॉल स्ट्रीट पर ईस्ट इंडिया कंपनी के संग्रहालय में प्रदर्शित करने के लिए लंदन भेजा गया था। वहीं गहने, चांदी के फर्नीचर और हथियारों सहित अन्य कलाकृतियों को लाहौर में नीलाम कर दिया गया था। 1879 में संग्रहालय के संग्रह के बंटवारे के बाद सिंहासन को दक्षिण केंसिंग्टन संग्रहालय में भेज दिया गया था जिसे अब विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय के रूप में जाना जाता है।

उस वक्त के प्रसिद्ध सुनार हाफ़िज़ मुहम्मद मुल्तानी ने 1805 और 1810 के बीच रणजीत सिंह के लिए शानदार सिंहासन बनाया था जो महाराजा के दरबार की भव्यता का प्रतीक थी। यह यूरोपीय शाही फर्नीचर से अलग है जिसमें अक्सर सोने की तरह दिखने के लिए उन पर सोने का पानी चढ़ाया जाता है। यह सिंहासन सोने की मोटी चादर से ढका हुआ है और इस पर सजावट भी की गई है। सिंहासन के निचले हिस्से में कमल की पंखुड़ियों के डिज़ाइन है जो पवित्रता का प्रतीक है।

CBI केस- केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ी

- ED केस में 31 जुलाई तक जेल में रहेंगे
- SC से जमानत के बावजूद बॉन्ड नहीं भरा

नई दिल्ली. दिल्ली शराब नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने CM अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ा दी। उन्हें तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया।

ED के मनी लॉन्ड्रिंग केस में भी उन्हें 31 जुलाई तक जेल में ही रहना होगा। दरअसल, 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन उनकी तरफ से अभी तक बेल बॉन्ड नहीं भरा गया है।

केजरीवाल को ED ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। उसके बाद राऊज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें कस्टडी में भेज दिया था। उनके खिलाफ दूसरा मामला CBI का है। जिसमें उन्हें 26 जून को अरेस्ट किया गया था।

कोर्ट ने केजरीवाल के अलावा मनीष सिसोदिया, भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी 31 जुलाई तक बढ़ा दी है।

CBI केस में जमानत पर फैसला 29 जुलाई को

इससे पहले 17 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की CBI की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका और अंतरिम जमानत की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था। करीब ढाई घंटे तक चली बहस के बाद कोर्ट ने कहा था कि जमानत याचिका पर सुनवाई 29 जुलाई को करेंगे। सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि अरविंद केजरीवाल जनता के चुने हुए मुख्यमंत्री हैं, आतंकवादी नहीं। सिंघवी ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का जिक्र करते हुए कहा कि हाल में इमरान खान को रिहा किया गया था, लेकिन उन्हें दूसरे मामले में फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। हमारे देश में ऐसा नहीं हो सकता। वहीं, 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी थी। जस्टिस संजीव खन्ना ने जमानत देते हुए कहा था कि केजरीवाल 90 दिन से जेल में हैं। इसलिए उन्हें रिहा किए जाने का निर्देश देते हैं।

आतंकियों के 2 मददगार गिरफ्तार

- कठुआ हमले के आतंकियों को वाई-फाई और खाना मुहैया कराया था
- 5 जवान शहीद हुए थे

जम्मू. जम्मू-कश्मीर के कठुआ में 8 जुलाई को आतंकियों के हमले में जूनियर कमीशंड ऑफिसर (JCO) समेत 5 जवान शहीद हुए थे। इस हमले में आतंकियों की मदद करने वाले दो ओवर ग्राउंड वर्कर (OGW) को गुरुवार, 25 जुलाई को गिरफ्तार किया गया।

दोनों OGW आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हुए थे। दोनों आतंकियों को खाने-पीने की चीजों के साथ ही वाई-फाई मुहैया कराते थे, ताकि आतंकी सीमा पार बैठे अपने हैंडलर से बातचीत कर सकें। इन इलाकों के लोग आतंकियों की मदद करते हैं।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान लियाकत और राज के रूप में हुई है। 8 जुलाई के बाद से आतंकियों को ढूंढने के लिए पुलिस ने 100 लोगों से

पूछताछ की थी। इस पूछताछ के आधार पर दोनों OGW वर्कर्स का पता चला था।

- सेना के ट्रक पर आंकियों ने गोलीबारी की थी

8 जुलाई को सुरक्षाबल के जवान दो ट्रकों में कठुआ से करीब 123 किलोमीटर दूर लोहाई मल्हार ब्लॉक के माछेड़ी इलाके के बडनोटा में दोपहर 3.30 बजे पहाड़ी इलाके में पेट्रोलिंग के लिए निकले थे। रास्ता कच्चा था, गाड़ी की रफ्तार भी धीमी थी। एक तरफ ऊंची पहाड़ी और दूसरी तरफ खाई थी।

संक्षेप...

अटल सेतु से समंदर में लगा दी छलांग

मुम्बई. मुम्बई के अटल सेतु (MTHL) से एक शख्स ने समंदर में कूदकर की आत्महत्या कर ली, इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। घटना आज यानी 24 जुलाई के दोपहर की है। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे शख्स सेतु पर कार रोकता है और फिर सेतु पर चढ़ जाता है और समंदर में छलांग लगा देता है। सुसाइड करने वाला 38 साल का मृतक मुंबई के डोम्बिवली का रहने वाला था। नहवा-शेवा पुलिस मामले घटना की जांच में जुटी है।

200-250 सीटों पर अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी महाराष्ट्र नव निर्माण सेना

■ राज ठाकरे ने किया एलान

मुंबई. महाराष्ट्र में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने एलान किया कि उनकी पार्टी 200-250 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। उन्होंने मौजूदा महायुति गठबंधन सरकार पर योजनाओं के बजट में कटौती करने का आरोप लगाया। बता दें कि 2019 के विस चुनाव में मनसे ने केवल एक सीट जीती थी। जबकि लोकसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था।

मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार के पास गड्ढों की मरम्मत के लिए बजट नहीं है। ऐसे में लाडली बहन और लाडला भाई योजना के लिए बजट कहां से आएगा? एनसीपी में चल रहे आंतरिक संघर्ष पर उन्होंने कहा कि अगर लाडला भाई और बहन दोनों खुश होते ही

एनसीपी का बंटवारा नहीं होता। इस समय कोई यह नहीं बता सकता कि कौन सा विधायक किस पार्टी का है?

ठाकरे ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि सुनने में आया है कि मेरी पार्टी के कुछ लोग किसी के साथ जुड़ना चाहते हैं। मैं उनके लिए रेड कारपेट बिछाता हूं, वे तुरंत जा सकते हैं। पार्टी इस बार टिकट केवल विश्वास और जीतने की क्षमता के आधार पर ही देगी।

उन्होंने पार्टी की चुनावी तैयारियों को लेकर कहा कि पार्टी ने हर जिले में सर्वे शुरू कर दिया है। इसके लिए चार-पांच सदस्यों की टीम बनाई गई है। टीम ने हर क्षेत्र के प्रमुख लोगों से बात की है। अब दूसरे दौर में टीम कार्यकर्ताओं से बात करेगी। इसलिए टीम को सही प्रतिक्रिया दें। इसके साथ ही वे खुद एक अगस्त से महाराष्ट्र का दौरा शुरू करेंगे। ठाकरे ने कहा कि हम इस बार अकेले 200-250 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। किसी भी कीमत पर इस बार पार्टी के कार्यकर्ता को सत्ता पर बैठाना है। इसलिए अभी से मेहनत शुरू कर दें।

बरसात के कारण आज ठाणे के स्कूलों में छुट्टी

■ मनपा आयुक्त ने आपदा प्रबंधन कक्ष में जाकर लिया जायजा

ठाणे. ठाणे शहर में सुबह से मूसलाधार बारिश हो रही है।अबतक 180 मिमी बरसात हुआ। वहीं मौसम विभाग ने रेड अॅलर्ट जारी किया है। जिसको लेकर आपदा प्रबंधन हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।आज मनपा के आपदा प्रबंधन कक्ष में जाकर दिन भर के गतिविधियों का जानकारी लीया।इसके अलावा मनपा क्षेत्र के सभी स्कूलों के छुट्टी का आदेश संबंधित अधिकारी को आदेश दिया।

इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, उपायुक्त जी.जी. गोदेपुरे, सचिन पवार,आपदा प्रबंधन अधिकारी वाय.एम. तडवी आदि उपस्थित थे।साथ ही मनपा आयुक्त सौरभ राव ने आपदा प्रबंधन के अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि नागरिकों के शिकायत मिलने पर उसका तत्काल निवारण किया जाय।नागरिकों के सुविधा के लिए आपदा प्रबंधन कक्ष में 20 से अधिक फोन की सुविधा 24X7 चालू रखें। गुरुवार सुबह से हो रहे बरसात में नौपाडा- कोपरी परिसर पेढ्या मारुती मंदिर, वंदना सिनेमा परिसर, सिडको बस डेपो, चिखलवाडी, बारा बंगला, मेंटल हॉस्पटिल आदि परिसर में पानी की निकासी पंप के माध्यम से निकला जा रहा है। कोपरी नौपाडा प्रभाग समिती के उपायुक्त ने सी 1व सी 2 धोखादायक व अतिधोखादायक इमारतों को खाली कराया गया। वागले प्रभाग समिती के अंतर्गत पडवलनगर, किसननगर, भटवाडी जनता झोपडपट्टी, श्रीनगर के निचले भाग में जलजमाव को लेकर आपदा प्रबंधन के कर्मचारियों को तैनात किया गया है।वहीं अधिक बरसात के कारण मुंब्रा परिसर खाड़ी मशीन रोड व भीमनगर के सड़को पर जलजमाव व कीचड़ के कारण आपदा प्रबंधन के कर्मचारियों ने स्थिति को देखते हुए आवागमन के लिए तत्काल बंद कर दिया।

मुंबई में भारी बारिश से लोकल ट्रेन सेवा बाधित

ट्रैक में भरा पानी, 60 ट्रेन कैंसिल

मुंबई. मुंबई में रुक-रुककर हो रही बारिश के चलते लोकल ट्रेन सेवा भी बाधित हुई है। तेज बारिश के कारण विजिबिलिटी कम है और इसकी वजह से कई फ्लाइट भी रद्द हुई हैं। सड़कों में पानी भरने से निजी वाहनों और सार्वजनिक बसों का यातायात भी प्रभावित हुआ है। अब ट्रैक में पानी भरने के कारण लोकल ट्रेन भी प्रभावित हुई है। बारिश के चलते अब तक मध्य रेल पर चलने वाली 60 लोकल ट्रेन रद्द हो चुकी हैं। कम विजिबिलिटी और कई निचले इलाकों में ट्रैक पर पानी के चलते लोकल ट्रेन धीमी गति से चल रही है।

मुंबई में आने वाले समय में भी भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। ऐसे में मुंबई के लोगों को राहत मिलने की संभावना कम ही नजर आती है। मुंबई के अलावा भी महाराष्ट्र के कई जिलों में भारी बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात हो चुके हैं।

कई जगहों पर स्कूल बंद

मुंबई में हो रही बारिश से कई निचले इलाकों में पानी भरना शुरू हो गया है। इस बीच, मौसम विभाग ने महाराष्ट्र में जोरदार बारिश जारी रहने की भविष्यवाणी की है।

महाराष्ट्र में भारी बारिश की वजह से कई जगहों पर स्कूल बंद कर दिए गए हैं। पुणे में भारी बारिश के कारण शहर में जगह-जगह पानी भर गया है। नदी किनारे की हाउसिंग सोसायटी में पानी भर गया है। सिंहगढ़ रोड इलाके की 15 सोसायटी में बारिश का पानी घुस गया है। लगभग 1000 लोग पानी में फंसे हुए हैं। लोगों को बाहर निकालने के लिए दमकल विभाग के लोग जुटे हैं।

रायगढ़ में पुल ढहा

रायगढ़ जिले के महाड एमआईडीसी क्षेत्र में भारी बारिश होने के कारण एक छोटी नदी पर बना पुल ढह गया। एक अधिकारी ने बताया कि यह पुल कस्बे शिवथर और समर्थ शिवथर गांव को जोड़ता है। उन्होंने बताया कि इस पुल पर वाहनों का आवागमन नहीं होता था, लेकिन स्थानीय लोग समर्थ शिवथर में अपने खेतों तक पहुंचने के इस पुल का उपयोग करते थे। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने तटीय रायगढ़ जिले में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताते हुए 'रेड' अलर्ट जारी किया है।

म्हारल व वरप गांव में रोड लाइट की मांग

उल्हासनगर। उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में आने वाले राष्ट्रीय महामार्ग म्हारल व वरप गांव की सड़क अंधेरे में पड़ी हुई है। यहां पर रोड लाईट न होने से स्थानीय निवासियों सहित वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज, सतसंग हॉल भी है। मुरबाड की तरफ जाने वाले इस राष्ट्रीय महामार्ग पर सड़कों की हालत भी खस्ता होने के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। स्ट्रीट रोड लाईट न होने से यह समस्या दुगनी हो गई है। इस ओर स्थानीय विधायक व सांसद से अपील की गई है कि इस समस्या का जल्द से जल्द हल निकाला जाएं।

नागरिकों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए -पालकमंत्री शंभूराज देसाई

ठाणे. राज्य के उत्पादन शुल्क मंत्री व पालकमंत्री शंभूराज देसाई ने आज ऑनलाइन के माध्यम से जिला आपदा प्रबंधन के अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी ली। साथ ही प्रशासनिक सभी यंत्रणाओं को तैयार रहने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिया निर्देश।साथ ही जिलाधिकारी कार्यालय पर अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक लिया जिसमें जिलाधिकारी अशोक शिनगारे, अतिरिक्त जिलाधिकारी मनिषा जायभाये-धुले, निवासी उपजिलाधिकारी व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मुख्य

कार्यकारी अधिकारी सुदाम परदेशी, भिवंडी प्रांताधिकारी अमित सानप, तहसिलदार अभिजीत खोले, संजय भोसले सहित मनपा के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। पालकमंत्री शंभूराज देसाई ने सभी सरकारी यंत्रणाओं को सजग रहने के लिए कहा।

महानगरपालिका आयुक्त,पुलिस आयुक्त,जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ग्रामीण पोलीस अधीक्षक,मनपा अधिकारी जिलें की संवेदनशील स्थिति पर ध्यान रखें।जिलें की सभी जर्जर इमारतों में रहने वाले नागरिकों को खाली कराकर उनके लिए समुचित व्यवस्था किया जाय।जरूरत पड़ने पर पुलिस का भी सहयोग लेने के लिए कहा।मनपा क्षेत्र के अंतर्गत सड़को पर जलजमाव को निकालने के लिए व्यवस्था करें और 24 घंटे अलर्ट रहकर नागरिकों की समस्या का समाधान करें।पुलिस को पर्यटन स्थलों पर ध्यान रखने के लिए कहा और कोई भी अधिकारी कर्मचारी अनदेखा किया तो सख्त कार्रवाई होगी।

ऑनलाइन लॉटरी जुआ चला रहे 2 लोगों के खिलाफ अपराध

उल्हासनगर. कैंप नंबर 4, ओटी सेक्शन 30 में राजश्री ऑनलाइन लॉटरी जुआ चला रहे दो लोगों के खिलाफ विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। उल्हासनगर कैंप नंबर 4 में ऑनलाइन राजश्री लॉटरी जुआ खेलने के मामले में दुकानदार सागर आहूजा और राम पटेल के खिलाफ विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई थी कि नकदी और जुआ सामग्री ले जाते समय कंप्यूटर पर ऑनलाइन लॉटरी जुआ खेला जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने सोमवार शाम 5 बजे सागर आहूजा और राजू पटेल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया.

तीन बत्ती की दुकानों में भरा पानी



दुकानदारों का भारी नुकसान.

भिवंडी. भिवंडी में शुरू मूसलाधार बारिश की वजह से हुए भारी जलजमाव के कारण कई दुकानों में पानी घुस गया. दुकानों में पानी घुसने के कारण दुकानदारों का लाखों रुपए का रखा हुआ कीमती सामान भीगकर खराब हो गया. दुकानदारों का आरोप है कि,सफाई ठेकेदारों ने ठीक से नाला,गटर सफाई कार्य अंजाम नहीं दिया जिससे क्षेत्र में अधिक जलजमाव हो रहा है. मनपा प्रशासन को नुकसान की भरपाई दुकानदारों को करना चाहिए.

स्पा के अंदर हिस्ट्रीशीटर की नृशंस हत्या

मुंबई. मुंबई पुलिस ने बुधवार देर रात वर्ली इलाके में स्थित एक स्पा के अंदर हिस्ट्रीशीटर की नृशंस हत्या के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी मुंबई क्राइम ब्रांच ने की, जिसने बुधवार को पालघर जिले से 26 वर्षीय संदिग्ध को पकड़ा।

मुंबई क्राइम ब्रांच द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार, पीड़ित का गला स्पा के अंदर कटा हुआ पाया गया। इससे पहले, बुधवार को मुंबई के चेंबूर इलाके में दो समूहों के बीच झगड़े के बाद एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

आरसीएफ पुलिस स्टेशन ने बताया कि यह लड़ाई पुरानी रंजिश को लेकर हुई थी। साथ ही उन्होंने बताया कि आरोपी नशे में थे और उनमें से दो का आपराधिक रिकॉर्ड भी है। मृतक की पहचान सिद्धार्थ कांबले (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि कांबले पर धारदार हथियार से हमला किया गया और उसे पास के राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

29 जुलाई से मुंबई में पानी की कटौती रद्द

मुंबई: मुंबईकरों को पानी की आपूर्ति करने वाले बांधों में जल भंडारण में अच्छी वृद्धि के कारण, मुंबई में वर्तमान जल कटौती रद्द कर दी जाएगी। मुंबई नगर निगम आयुक्त भूषण गगरानी ने सोमवार, 29 जुलाई से मुंबई में 10 प्रतिशत पानी कटौती वापस लेने के फैसले की घोषणा की है।

बांधों में जल भंडारण में कमी के कारण एहतियात के तौर पर मुंबई नगर निगम प्रशासन ने 5 जून से 10 प्रतिशत पानी की कटौती लागू की थी. हालांकि, जुलाई महीने में हुई बारिश के कारण जल भंडारण बढ़ने लगा और इस वजह से कटौती रद्द करने की मांग की जाने लगी.

गुरुवार को दिन में विहार और मोदक सागर जलाशय लबालब भर गए। मनपा प्रशासन ने यह फैसला इसलिए लिया है क्योंकि मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाले सात में से चार बांध भरे हुए हैं.

5 लाख की बिजली चोरी

भायंदर. मीरा-भायंदर में बीजेपी महिला जिला अध्यक्ष के भाई के खिलाफ कश्मीरी पुलिस स्टेशन में 5 लाख रुपये की बिजली चोरी का मामला दर्ज किया गया है। मीरा-भाइंदर भाजपा महिला जिला अध्यक्ष अनिता पाटिल के भाई राजेश चव्हाण पेनकारपाड़ा इलाके में रहते हैं। चव्हाण इस घर के लिए बिजली चोरी कर रहे थे। इसकी जानकारी जैसे ही कंपनी को मिली तो कर्मचारियों ने मौके का निरीक्षण किया। साफ है कि इस बार 26 हजार 758 यूनिट्स का इस्तेमाल हुआ। इसमें काशीमीरा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि अडानी पावर ग्रुप से 5 लाख 48 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई है.

रिपब्लिकन व एकता पार्टी का राज्यस्तरीय बैठक

ठाणे. रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया व एकतावादी पार्टी का राज्यस्तरीय बैठक शास्त्री नगर में आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष विकास निकम ने दिया।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नानासाहब इंदिसे के मार्गदर्शन के अनुसार इस बैठक को आयोजित किया जायेगा। इस बैठक का मकसद राज्य में आने वाले विधानसभा व महानगर पालिका के चुनाव को लेकर चर्चा किया जायेगा। साथ ही राज्य में अनेक जगहों पर बौद्ध, मातंग , चर्मकार समाज के ऊपर अत्याचार बढ़ता जा रहा है। इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष नानासाहब इंदिसे,कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्रकुमार इंदिसे, राष्ट्रीय युवक अध्यक्ष भैय्यासाहब इंदिसे , राष्ट्रीय महासचिव प्रल्हाद सोनावणे आदि पार्टी के दिग्गज नेता बैठक को संबोधित करेंगे यह जानकारी निकम ने दी।

सॉन्ग के रिलीज होते ही छा गईं तमन्ना भाटिया

बॉलीवुड की अपकमिंग फिल्म 'स्त्री 2' का नया सॉन्ग 'आज की रात' रिलीज हो गया है। इसी के साथ तमन्ना भाटिया अपने डांस स्टेप्स को लेकर इस वक्त खूब सुर्खियों में हैं।

फिल्म के नए सॉन्ग में तमन्ना भाटिया का जबरदस्त डांस परफॉर्मेंस दिख रहा है। इस गाने में तमन्ना जमकर ठुमके लगाते नजर आ रही हैं।

इस बीच एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर की है जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं।

इन फोटोज में तमन्ना भाटिया रेड कलर के ड्रेस में नजर आ रही हैं जिसमें उनका रॉयल लुक देखने को मिल रहा है।

एक्ट्रेस का ये ऑफ शोल्डर ड्रेस है जिसके साथ उन्होंने दुपट्टा मैचिंग किया है।

ग्लैम मेकअप, खुली जुल्फें, झुमके और सुर्ख लाल लिपस्टिक तमन्ना भाटिया के लुक में चार चांद लगा रहा है।

'स्त्री 2' में राजकुमार राव, अपारशक्ति खुराना, पंकज त्रिपाठी, श्रद्धा कपूर के अलावा कई और एक्टर्स अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म के निर्देशक अमर कौशिक हैं।

सिनेमाघरों में 'स्त्री 2' अगले महीने 15 अगस्त को रिलीज हो रही है।

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099